an>

Title : Need to provide a relief package for people affected due to heavy rains and flood in Maharashtra and help people rebuild their damaged homes under PMAY -laid.

श्रीमती नवनित रवि राणा (अमरावती): पूरे महाराष्ट्र में भारी बारिश से चारों तरह हाहाकार मच गया है, गांव में पानी भरा है, मकान बह गए है, कई लोग पानी में डूब गए और खेत में काम करते समय बिजली गिरने से किसान मर गए, कई छोटे-मोटे व्यापार करने वाले दुकानदार, फेरी वाले, ठेले वाले, सब्जी बेचने वाले पानी में डूब गए । राज्य आपदा प्रबंधन इकाई के अनुसार भारी बारिश और बाढ़ के कारण महाराष्ट्र में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर अब तक 209 हो गई है और 8 लोगों के लापता होने की खबर है । इसके अनुसार 43 सड़कें जलमग्न हो गई हैं और भीषण बाढ़ के चलते चिपलुन में वशिष्ठि नदी पर बना पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया है । अमरावती के अंतर्गत भातकुली तहसील, अमरावती तहसील, मेलघाट क्षेत्र और महाराष्ट्र के कोंकण विभाग के चिपलुन, महाड, पोलादपूर, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, पश्चिम महाराष्ट्र विभाग के कोल्हापुर, सातारा, सांगली में बादल फटने से सामान्य जनजीवन पूरी तरह से बेहाल हो गया है । पूरे महाराष्ट्र में लगभग 6 से 7 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है ।

राज्य सरकार को केंद्र सरकार के माध्यम से निर्देश दिए जाय कि महाराष्ट्र में बाढ़ पीड़ितों की जल्द से जल्द सहायता की जाय । मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि पीड़ित परिवारों के जीवन को फिर से पटरी पर लाने हेतु उचित सहायता करने के लिए सरकार बड़े राहत पैकेज की तुरंत घोषणा करे, जिससे पीड़ितों का जीवन फिर से पहले जैसा हो पाए, साथ ही साथ बाढ़ के कारण तबाह हुए घरों को प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) से पुनः बनवाने का प्रयास किया जाए, यह भी मैं सरकार से निवेदन करती हूँ ।

… (<u>व्यवधान</u>)

HON. CHAIRPERSON: The House stands adjourned to meet again at 4 p.m.

14.05 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Sixteen of the Clock.

-

-

-

16.00 hrs

-

The Lok Sabha re-assembled at One Minute past Sixteen of the Clock.

(Shrimati Rama Devi *in the Chair*)

… (व्यवधान)

-

16.01 hrs

-

At this stage, Shri Gurjeet Singh Aujla, Sushri Mahua Moitra and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : महासचिव ।

… (व्यवधान)

-

-